आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 137 ● कटनी ● रविवार, 19 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



### देश में 72 हजार से ज्यादा हुए सक्रिय कोरोना मरीज

## आज फिर सामने आए 12000 से ज्यादा नए मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना संक्रमण की स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। आए दिन 12 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में 12,899 नए कोरोना संक्रमित सामने आए हैं। वहीं 15 लोगों की मौत हुई है।हर दिन बढ़ रहे संक्रमितों के कारण कोरोना के सक्रिय मामलों में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। अब देश में 72,474 सक्रिय कोरोना मरीज हैं। एक दिन में चार हजार से ज्यादा सक्रिय कोरोना मरीजों में इजाफा हुआ है। वहीं देश में अब कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 524855 हो गई है।दिल्ली में कोरोना के 1500 से ज्यादा मामलेराजधानी में बीते 24 घंटे में कोरोना के 1534 नए मामले मिले हैं व तीन मौतें दर्ज हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने 19889 टेस्ट किए हैं।

## राहुल का ट्वीट

### जंतर मंतर पर कांग्रेस का प्रदर्शन

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश को बेरोजगारी के अग्निपथ पर चलने को मजबूर किया

**नई दिल्ली, एजेंसी। सेना की नई भर्ती स्कीम अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस का सत्याग्रह दिल्ली के जंतर-मंतर पर शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को बेरोजगारी के अग्निपथ पर चलने को मजबूर कर दिया है। युवाओं को बार-बार नौकरी की झूठी उम्मीदें दी जा रही हैं। 8 सालों में 16 करोड़ नौकरियां देनी थीं, मगर युवाओं को सिर्फ पकोड़े तलने का ज्ञान मिला।**

कांग्रेस के सत्याग्रह में प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के नेता अग्निपथ विरोधी तख्तियां लेकर बैठे हैं। आज राहुल गांधी का जन्मदिन भी है, लेकिन उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे उनका जन्मदिन न मनाएं। जंतर मंतर पर पुलिस और रेपिड एक्शन फोर्स (RAF) तैनात है।




### 8 ट्रेनें रद्द, 6 रीशेड्यूल

बिहार, यूपी समेत 7 राज्यों के युवा उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। इस हिंसक प्रदर्शन में कई ट्रेनों में आग लगा दी गई है और हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने आज रात आठ बजे तक बिहार से चलने वाली आठ ट्रेनों को रद्द किया गया है और छह ट्रेनें रीशेड्यूल की गई हैं।

### युवाओं का गुस्सा शांत करने की कोशिश कर रही सरकार

अग्निपथ स्कीम के खिलाफ युवाओं के गुस्से को ठंडा करने के लिए गृह और रक्षा मंत्रालय ने आरक्षण देने का ऐलान किया है। गृह मंत्रालय ने अग्निवीरों के लिए CAPFs (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10त्न आरक्षण देने का फैसला लिया। इन्हें आयु सीमा में भी 3 से 5 साल की राहत देने का ऐलान किया। इसके बाद शाम को रक्षा मंत्रालय ने भी अग्निवीरों को अपने मंत्रालय में होने वाली भर्तियों में 10 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया है। रक्षा मंत्रालय के इंडियन कोस्ट गार्ड और डिफेंस सिविलियन पोस्ट के साथ डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की 16 कंपनियों में भी नियुक्तियों में आरक्षण मिलेगा।

### उन्नाव में भीषण हादसा



### एक्सप्रेसवे पर कंटेनर और कार की टक्कर

## 4 लोगों की मौत दो गंभीर

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हादसे की बड़ी खबर सामने आई है। यहां कंटेनर और सफारी कार की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतकों में पति, पत्नी, बेटी और भतीजी शामिल है।मिली जानकारी के अनुसार, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह हादसा हुआ। इसमें लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे कंटेनर ट्रक के चालक को झपकी आने अनियंत्रित होकर डिवाइडर तो?ते हुए दूसरी लेन में आगरा से लखनऊ की जा रही सफारी कार को टक्कर मारते हुए पलट गया। इसमें कार सवार दंपती, दो बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने सभी को लखनऊ ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां दंपती, उनकी बेटी और भतीजी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, भाई सहित दो गंभीर हैं।मृतकों में बिहार प्रांत के सिवान निवासी कार चालक अखिलेश मिश्रा (40), पत्नी बबीता मिश्रा (36), बेटी प्रियांशी मिश्रा (12) और भतीजी ज्योति मिश्रा (10) वर्ष की मौत हो गई। जबकि अखिलेश के भाई संतोष मिश्रा और एक अन्य व्यक्ति स्वरूप का इलाज चल रहा है। कोतवाल अखिलेशचंद्र पांडेय ने बताया कि शवों का लखनऊ में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं, घायलों की हालत ठीक है।

## संक्षिप्त समाचार



### आज से खुल गई प्रगति मैदान सुरंग

## पीएम मोदी ने किया टनल और अंडरपास का उद्घाटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रगति मैदान एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की मुख्य सुरंग समेत पांच अंडरपास राष्ट्र को समर्पित किया। यह एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना का अभिन्न हिस्सा है। केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित प्रगति मैदान इंटिग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की निर्माण लागत 920 करोड़ रुपये हैं।इस टनल के खुल जाने से मेरठ एक्सप्रेस वे से होकर इंडिया गेट जाने वाले लोगों की राह आसान होने जाएगी। छह लेन की प्रगति मैदान टनल खुलने से रिंग रोड व इंडिया गेट की आवाजाही सिग्नल फ्री होगी। सफर का यह हिस्सा तीस मिनट की जगह बमुश्किल पांच मिनट में पूरा होगा।आज से टनल व अंडरपास आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे प्रगति मैदान की नजदीकी सभी सड़कों की आवाजाही आसान होगी। इन सड़कों से गुजरने वाले लाखों वाहन चालक बगैर जाम में अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे।रिंग रोड स्थित प्रगति पावर स्टेशन से शुरू होने वाली करीब 1.6 किमी लंबी टनल नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के नजदीक तक पहुंचा देगी। इसका फायदा पूर्वी दिल्ली के साथ गाजियाबाद व नोएडा के लोगों को भी मिलेगा। भैरों मार्ग व मथुरा रोड के जाम में फंसे बगैर वह अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे। वहीं, मथुरा रोड की भी आवाजाही आसान होगी। डीपीएस मथुरा रोड से भगवान दास टी प्वाइंट के बीच के चार सिग्नल हट जाने से आईटीओ चौक पहुंचना भी मिनटों में हो सकेगा।

## 21 जून से दिन छोटे होने लगेंगे व रातें लंबी होने लगेंगी




**ग्वालियर, एजेंसी।** 21 जून मंगलवार को मिथुन संक्रांति के बाद सूर्य देव की उत्तरायण की गति पूरी हो जाएगी और इसी के साथ वे दक्षिणायन हो जाएंगे। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपडा ने बताया कि जिस तरह से सूर्य के उत्तरायण होने पर दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं, उसी तरह से दक्षिणायन होने पर दिन छोटे और रातें लंबी होने लगती हैं।सूर्यदेव वर्ष में छह माह उत्तरायण होते हैं और छह माह दक्षिणायन की गति करते हैं। सूर्य हर माह राशि परिवर्तन करते हैं जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो सूर्य उत्तरायण होते हैं और इसके बाद जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हुए आगे बढ़ते हैं और मिथुन में प्रवेश करते हैं, तब दक्षिणायन आरंभ होता है। 15 जून को मिथुन संक्रांति के बाद सूर्य देव की उत्तरायण की गति पूरी हो जाएगी ।

### पटना से उड़ान भरते ही

# विमान में आग लगी

## पक्षी के टकराने से इंजन जला, 10 मिनट तक 185 यात्री हवा में अटके रहे

**बिहार, एजेंसी।** पटना एयरपोर्ट पर रविवार को स्पाइस जेट की फ्लाइट SG-725 के इंजन में आग लग गई। विमान पटना से दिल्ली जा रहा था। आग लगने के बाद फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई है। आग लगने से इंजन से धुआं निकलने लगा। विमान ने रविवार दोपहर 11.55 पर उड़ान भरी थी। 12.20 पर विमान में धमाके के साथ आग लग गई। 10 मिनट बाद पायलट ने सूझबूझ से विमान को एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया। छ्व्रञ्जष्ट ने कहा कि पक्षी के टकराने से इंजन में आग लगी। इसके बाद विमान की सेफ लैंडिंग करवाई गई।



### कोई भी यात्री घायल नहीं

फ्लाइट में 185 यात्री थे। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड करा लिया गया है। फिलहाल यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया है। किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। मौके पर एंबुलेंस पहुंच गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि किस वजह से इंजन में आग लगी है।

### तेज आवाज के साथ लगी आग, उठने लगा धुआं

घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एयरपोर्ट के उड़ान भरते ही उसमें तेज धमाका हुआ। आवाज इतना जोरदार था कि सभी सहम गए। इसके बाद आग की लपटें उठने लगी। इसके बाद एयरपोर्ट के साथ पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

### अधिकारियों ने कहा-बर्ड हिटिंग का मामला हो सकता है

घटना के तुरंत बाद पटना के सभी बड़े अफसर एयरपोर्ट पर पहुंच गए हैं। SSP मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि विमान के एक विंग में आग लग गई थी। छ्वरू चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि ये वर्ड हिट का मामला हो सकता है, फिलहाल जांच कराई जा रही है।पायलट ने कहा हालात कंट्रोल में है तब जान में जान आई

फ्लाइट में बैठे पैसेंजर ने कहा कि विंडो से स्पार्क निकलता हुआ दिख रहा था। हम लोग विंडो साइड में बैठे थे। आग का स्पार्क साफ दिखाई दे रहा था। इसी दौरान पायलट ने कहा- स्थिति अंडर कंट्रोल है। तब जान में जान आई।

### महिला यात्री बोली- फ्लाइट में बहुत आवाज आ रही थी

महिला यात्री ने बताया कि टेक ऑफ के 10-15 मिनट बाद ही समझ में आ गया, कुछ तो गड़बड़ है। फ्लाइट में बहुत आवाज आ रही थी। प्लेन कभी राइट-कभी लेफ्ट हो रही थी। थोड़ी देर के लिए बहुत डर गई थी।

### एयरफोर्स में अग्निवीरों की भर्ती की गाइड लाइन जारी

## चार साल पूरे किए बिना जॉब नहीं छोड़ पाएंगे

# साल में 30 दिन की छुट्टी मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीरों की भर्ती की गाइडलाइन जारी कर दी है। तीनों सेनाओं में सबसे पहले एयरफोर्स ने ही गाइडलाइन जारी की है। इसके अनुसार अग्निवीरों को अपनी चार साल की नौकरी पूरी करनी होगी। इससे पहले वह फोर्स नहीं छो? सकेंगे। ऐसा करने के लिए उन्हें अधिकारी की सहमति लेनी होगी।अग्निवीरों की भर्ती को लेकर सबसे ब?ा पेंच छुट्?टी और अवार्ड का था। एयरफोर्स ने साफ किया है कि अग्निवीर सभी सैन्य सम्मान और पुरस्कार के हकदार होंगे। इन्हें साल में तीस दिन की छुट्टी भी दी जाएगी। इसके अलावा बीमार होने पर डॉक्टर की सलाह पर सिक लीव भी मिलेगी। युवाओं का गुस्सा शांत करने की कोशिश कर रही सरकारअग्निपथ स्कीम के खिलाफ युवाओं के गुस्से को ठंडा करने के लिए गृह और रक्षा मंत्रालय ने आरक्षण देने का ऐलान किया है। शनिवार सुबह गृह मंत्रालय ने अग्निवीरों के लिए छ्वक्करूह्य (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और असम राइफल्स में भर्ती के लिए 10त्न आरक्षण देने का फैसला लिया। इन्हें आयु सीमा में भी 3 से 5 साल की राहत देने का ऐलान किया।





## कमलनाथ ने आवास पर बुलाई बैठक

**भोपाल, यश भारत।** पीसीसी चीफ व पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने आवास पर निकाय चुनावों के संभाग और जिला प्रभारियों की बैठक बुलाई है। बैठक में निकाय चुनाव के प्रबंधन पर चर्चा की जा रही है। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एनपी प्रजापति, चंद्रप्रभाष शेखर, पीसी शर्मा, अशोक सिंह, जेपी धनोपिया आदि उपस्थित हैं।

## महापौर पद के 151 और पार्षद के 28 हजार154 नामांकन पत्र जमा हुए

**भोपाल , यश भारत।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख (शनिवार 18 जून) को महापौर पद के लिए 151 और पार्षद पद के लिए 28 हजार 154 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए। यह रात आठ बजे तक का आंकड़ा है, जो राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया है। महापौर पद के लिए तीन और पार्षद पद के लिए 1991 उम्मीदवारों ने आनलाइन नामांकन जमा किए हैं। 22 जून को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। इसी दिन उम्मीदवारों को प्रतीक चिह्न भी आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद निकाय चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि 11 जून से नामांकन जमा करने का सिलसिला शुरू हुआ था।




20 जून को नामांकन पत्रों का परीक्षण होगा। आयोग के मुताबिक महापौर पद के लिए 76 पुरुष और 74 महिला सहित एक थर्ड जेंडर उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए हैं। ऐसे ही पार्षद पद के लिए 13 हजार 464 पुरुष, 14 हजार 686 महिला और चार थर्ड जेंडर उम्मीदवारों ने नामांकन जमा किए हैं। आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए ग्वालियर में 12, जबलपुर में 17, इंदौर में 12, उज्जैन में तीन नामांकन जमा हुए हैं। इसी तरह पार्षद पद के लिए ग्वालियर में 709, जबलपुर में 729, इंदौर में 781 नामांकन जमा कराए गए हैं। अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों के प्रतीक सुरक्षित रखें = राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अन्य राज्यों से मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को भी वर्गीकृत करें। उनकी मान्यता के आधार पर उनके चुनाव प्रतीक सुरक्षित रखे जाएं।

### बहू - बेटा के खिलाफ मां ने की शिकायत

# सुबह-सुबह सास का चेहरा देखना पसंद नहीं झाडू से पीटा, 7 बीघा जमीन भी ले ली

**राजगढ़, एजेंसी।** सुबह-सुबह सास का चेहरा दिखने पर बहू का माथा ठनक जाता है। हद तो तब हो गई जब बहू ने सास को मनहूस कहते हुए झाडू से खूब पीटा, फिर रस्सी से बांधकर पटक दिया। 60 साल की बुजुर्ग ने बेटे-बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया कि बहू कहती है कि सुबह-सुबह तेरा चेहरा देख लिया। अब मेरा पूरा दिन खराब हो गया। पुलिस ने बेटे-बहू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला खिलचीपुर का है। यहां लसुलड़ी गांव की रहने वाली 60 साल की गुलाब बाई पति स्वर्गीय चैनसिंह तंवर थाने पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोडकर रोते हुए थाना प्रभारी प्रकाश पटेल को आपबीती सुनाई। खिलचीपुर टीआई प्रकाश पटेल ने बताया कि 60 साल की गुलाब बाई थाने आई थीं। उन्होंने बताया कि इकलौता बेटा मोहन और बहू आशा उनकी 7 बीघा जमीन पर खेती करते हैं। उन्होंने उनसे सबकुछ ले लिया, लेकिन अब न तो खाना देते हैं और न उन्हें घर पर रहने दे रहे हैं। महिला की शिकायत पर बहू और बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीडित महिला के बेटे मोहन और बहू आशा का कहना है कि मां ने उन पर जो आरोप लगाए हैं, वो गलत हैं। उनका कहना है कि उनकी ननद आए दिन उन पर झूठे आरोप लगाकर उनसे झग ?ा करती है, जिससे वे भी परेशान है।





## यमुना नहर में दो श्रमिकों की डूबने से हुई मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार यानि आज सुबह पूर्वी यमुना नहर में नहाते समय दो श्रमिकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शवों को बमुश्किल बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।जानकारी के अनुसार इन दिनों सहारनपुर से लेकर पिलखनी तक डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण का कार्य चल रहा है। पूर्वी यमुना नहर पर भी पिलर का निर्माण कराया जा रहा है। राजस्थान से आए श्रमिक कॉरिडोर के निर्माण में जुटे हैं। गहरे कुंड में नहाते समय डूबने से उनकी मौत हो गई।



कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# केवल भाजपा ही कर सकती है ऐसे कार्यकर्ता का सम्मान : वीडी शर्मा

### मदन मोहन चौबे वार्ड से भाजपा ने दी दिव्यांग महिला कार्यकर्ता को टिकट पर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



**कटनी।** बैसाखी के सहारे एक दिव्यांग महिला कार्यकर्ता ने जैसे ही भाजपा कार्यालय में प्रवेश किया सभी कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। मंच पर विराजमान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा स्वयं इस मातृ शक्ति के जज्बे को देखकर बेहद आवाक थे। दरअसल भाजपा ने चौबे वार्ड से ऐसी महिला कार्यकर्ता सुशीला कोल को उ मीदवार बनाया जो पैर से दिव्यांग है, लेकिन समाज सेवा में रुचि तथा जज्बा के आगे उनकी यह विकलांगता कभी आड़े नहीं आई। निरन्तर महिला कार्यकर्ता सुशीला पार्टी की नीति रीति को आत्मसात कर जनसेवा में जुटी है। कल भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सांसद कटनी के सभी वार्डों के प्रत्याशियों का परिचय प्राप्त कर रहे थे तभी भाजपा की महिला उ मीदवार वैसाखी के सहारे वहां पहुंची। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा सहित मौजूद खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया, जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक द्वय संजय पाठक संदीप जायसवाल, महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी, पीताम्बर टोपनानी ने महिला प्रत्याशी का स मान किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। केवल हमारी पार्टी ही वह राजनीतिक दल है जो किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करती। आज इस महिला कार्यकर्ता को पार्टी ने पार्षद उ मीदवार बना कर कार्यकर्ता के प्रति अपने उस फर्ज को निभाया जिसे देखकर भारतीय जनता पार्टी और हमारी पार्टी का नेतृत्व हमें अन्य दलों से अलग बनाता है। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी की इस महिला कार्यकर्ता को टिकट देकर हम सभी गौरवान्वित हैं। यह पूरे समाज तथा प्रत्येक आम लोगों के लिए मिसाल बनेंगी। ऐसी कार्यकर्ता ही हमें अपने दायित्व के प्रति और अधिक सजग बनाती है। यह हम समस्त कार्यकर्ताओं का हौसलाअफजाई करने वाली है। उन्होंने प्रत्याशी सुशीला को बधाई दी। आपको बता दें कि मदन मोहन चौबे वार्ड से सुशीला कोल को भाजपा ने अपना उ मीदवार बनाया है जो दिव्यांग हैं। इसी तरह अल्पसं यक समाज से भी पार्टी ने महिला को टिकट दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमने हर वर्ग को साथ लेकर चुनाव में जनता के बीच जाने का फैसला किया है यह हमारे सर्वधर्म समभाव की भावना को दर्शाता है।



## जेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

**कटनी।** 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर जिला जेल के बंदियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जावेगा। इस संबंध में आनंद संस्थान के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडरए अनिल कांबले ने बताया कि जिला जेल प्रशासन एवं आनंद संस्थान, जिला कटनी के संयुक्त तत्वाधान में आज से बंदियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करने हेतु डॉक्टर नरेंद्र तिवारी, पतंजलि योग समिति द्वारा योग दिवस के पूर्व, योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसके पूर्व भी श्रीमती लीना कोष्ठा, अधीक्षक, जिला जेल कटनी के सहयोग से, आनंद संस्थान, जिला कटनी द्वारा लगातार 11 दिवस, जिला जेल के बंदियों के बीच योग एवं प्राणायाम के शिविर आयोजित किए गए हैं ।

## मॉल में घूमते मिला नाइजीरिया का युवक

### पुलिस कर रही पूछताछ




**कटनी।** कोतवाली के बरही रोड क्षेत्र स्थित सिटी मॉल में एक नाइजीरिया का व्यक्ति घूमते हुए मिला है। माल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाली पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि युवक के पास से लोकमान्य तिलक से कटनी का रेलवे टिकट मिला है। वह नाइजीरिया का होना बताया है। उसके पासपोर्ट और वीजा की जानकारी जुटाई जा रही है। वह कटनी किस लिए पहुंचा है, किससे मिलने आया है और कहां जाने वाला था इस बात का पता लगाया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर एंबेसी से भी चर्चा की जाएगी। वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने के बाद इस संबंध में आगे कुछ कहा जा सकता है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति को सिटी मॉल से लाया गया है वह नाइजीरिया का होना बताया है। वह कभी सिटी मॉल घूमना तो कभी बांधवगढ़ नेशनल पार्क घूमने जाने के लिए कह रहा है। वह थ्रूआउट इंग्लिश बोल रहा है इसलिए एक्सपर्ट को बुलाकर के आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

### धारा 144 के तहत कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

## 19 जुलाई तक लागू रहेगी आचार संहिता

कटनी। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जो 19 जुलाई तक प्रभावशील रहेगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले की समस्त राजस्व सीमाओं के भीतर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन निर्विघ्न कराया जा सके। जारी आदेश के मुताबिक किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार-प्रसार रैली, सभा स्थलों आदि में किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र जानमाल सुरक्षा हेतु स्वीकृत शस्त्र एवं फसल सुरक्षा हेतु स्वीकृत लायसेन्सों में दर्ज शस्त्रों एवं फरसा, बल्लम, तलवार, भाला, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, बरछी, त्रिशूल इत्यादि लेकर आना-जाना अथवा उनका सार्वजनिक स्थल पर उपयोग व प्रदर्शन करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी धार्मिक स्थान पर न तो आम सभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा।




निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अनाधिकृत आयोजन अथवा जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारेबाजी करेगा और नहीं आपत्तिजनक पोस्टर, पम्पलेट वितरित करेगा। कोई भी राजनीतिक दल अथवा उनके द्वारा आमसभा, जुलूस, प्रदर्शनए, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बगैर सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना नहीं करेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान या शासकीय या अर्धशासकीय संपत्ति स्थल, भवन भूमि परिसर, संरचना आदि का उपयोग समयाचना करने के उद्देश्य से नहीं करेगा एवं कोई पोस्टर, बैनर, दीवार पर लेखन, दीवार पर निर्वाचन प्रतीक दल के प्रतीक झंडे आदि नहीं लगाएगा तथा किसी भी प्रकार का लेख आदि नहीं करेगा। इसी प्रकार निजी सम्पत्ति पर बगैर भूमिस्वामी की लिखित अनुमति के उपरोक्त कार्य नही करेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता एवं विविध अधिनियम और निर्वाचन नियम के अन्तर्गत दंड के भागी होंगे।

## दुर्घटना में घायल युवकों की मौत

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत पिण्डरई मोडु में ग्राम दशरमन निवासी 28 वर्षीय अन्नू उर्फ अनिल कोल पिता छोटे कोल की एक्सीडेट में आई चोट के कारण मौत हो गई है।




इसी प्रकार बड़वारा थाना क्षेत्र में ग्राम कांटी निवासी 45 वर्षीय नारायण बर्मन पिता सोने लाल बर्मन को एक्सीडेंट में चोट लग गई थी। उसकी इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### मिशन चौक अंडरब्रिज में धंस गई लोहे की जाली



**कटनी। मिशन चौक अंडर ब्रिज में नाले के ऊपर हाल ही में सड़क बनाकर डाली गई लोहे की जाली कुछ दिनों में ही धंस गई है। जिसके कारण यहां हर समय दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। ताज्जुब की बात को यह है कि यहां से दिन भर जनप्रतिनिधि व अधिकारी गुजरते हैं लेकिन किसी का ध्यान धंसी जाली को ठीक कराने की ओर नहीं जा रहा है।**



## लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम निवार की एक 25 वर्षीय गर्भवती महिला व उसके गर्भस्थ शिशु की चिकित्सकों की लापरवाही से मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्राम निवार निवासी 25 वर्षीय रुजबिना खान पति रफीक खान को प्रसव पीड़ा उठने पर परिजन आदर्श कालोनी स्थित धर्मलोक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों द्वारा परिजनों को जानकारी देते हुए बताया कि 8 बजे बच्चा गर्भ में ही एक्सपायर हो चुका है। इसके बाद जबलपुर रिफर कर दिया। लेकिन परिजनों के पास पैसे की कमी होने के कारण वो गर्भवती महिला को जिला अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों की लापरवाही से डिलेवरी के पूर्व रूजबिना व उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई।

## नवीनीकरण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की राशि भारत सरकार द्वारा भुगतान किये जाने हेतु निर्देश जारी

**कटनी।** आयुक्त अनुसूचित जाति मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा पोस्ट मैट्रिक योजना वर्ष 2021-22 के नवीनीकरण आवेदनों का छात्रवृत्ति पोर्टल 2०0 पर स्वीकृति एवं भुगतान के संबंध मे दिशा निर्देश जारी किये गए है। जारी निर्देशों अनुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति गाईड लाईन के अनुसार 40 प्रतिशत राज्यांश का भुगतान किया जाना है शेष 60 प्रतिशत केन्दांश राशि का भुगमान भारत सरकार द्वारा किया जावेगा। राशि दो किस्तों मे दिये जाने के कारण छात्रों द्वारा सीएमण् हैल्पलाईन लगाये जानें की संभावना बढ जायेगी। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण कटनी द्वारा समस्त शासकीयए अशासकीय महाविद्यालयए आईण्टी आई को अपने संस्थाओं मे अध्यनरत छात्र छात्रों को इस संबंध में समझाईश देने के निंदेश प्रदान किये गए है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि दो किश्तों में प्राप्त होगी वह राशि स्वीकृत अनुसार 100 प्रतिशत होगी।

## नीलिमा ❤ से

### चितचोर



तुम भी चुप हो हम भी चुप हैं
बस ख़ामोशियों का शोर है

दिल पर नहीं कोई जोर है
धड़कनों का शोर पुरज़ोर है

आंखें झुक कर उठ रही है
पलकों का शोर घनघोर है

जिया में सेंध लगाये है
निर्मोही पिया चितचोर है

होंठों पर चुप्पी सिमट रही है
बस बैचेनियों का शोर है

नेह से बंध रही कोई डोर है
मन हो रहा भाव विभोर है

आसमाँ में निखर रहा सिंदूर है
चाँद को हसरत से ताकता चकोर है

रात भी चांदनी से सराबोर है
आँखों ही आँखों में हो रही भोर है !!!

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 19 से
12.30 एवं 9.30 बजे से




इत्तु सी बात
कलाकार- गायत्री भारद्वाज, रवि चौहान, धीरज गौतम, फरीदा जलाल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 19 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं 10 बजे से




भूलभुलैया-2
कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, तब्बू, राजपाल यादव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 19 से
दोपहर 3.30 एवं 6.30 बजे से



NIKAMMA
निकम्मा
कलाकार- अभिमन्यु दासानी, शिल्पा शेट्टी, समीर सोनी, अभिमन्यू सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज़

कटनी, रविवार, 19 जून 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# अब बागियों को मनाने शुरू हुए प्रयास

## दोनों ही दलों में बगावत, टिकट कटने के बाद कई वार्डों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भरा नामांकन

**कटनी। नगरीय निकाय चुनाव के आखिरी दिन कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के लिए उम्मीदवारों का मेला लगा रहा। अपरान्ह 3 बजे तक भारी गहमागहमी के बीच महापौर पद के साथ ही नगर निगम के सभी 45 वार्डों से बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने अपने नामांकन रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा किए। सभी वार्डों से कांग्रेस, भाजपा के साथ ही अन्य राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।**




इस दौरान दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज वार्ड उम्मीदवारों ने पार्टी के खिलाफ बगावत करते हुए नामांकन दाखिल किए हैं। अब दोनों ही दलों को बागियों की चुनौती से निपटना होगा, हालांकि अभी नाम वापसी के लिए तीन दिन का समय शेष है और कांग्रेस व भाजपा ने बागी नेताओं के नामांकन वापसी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। दोनों ही दलों के नेताओं का कहना है कि बागियों से बात करते हुए उनके नामांकन वापस करवाने का प्रयास किया जाएगा। अब इसमे कितनी सफलता मिलती है तो यह तो नाम वापसी के दिन 22 जून को ही पता चलेगा। उधर दूसरी तरफ कांग्रेस में ऐन वक्त कई उम्मीदवारों की टिकट कटने से ऐसे नेताओं में पार्टी के प्रति नाराजगी का माहौल देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक कई वार्डों में इस तरह की स्थिति बनी है। जहां दो दिन पहले घोषित नामों को दरकिनार करते हुए नए नामों का ऐलान कर दिया गया। कुछ इसी तरह की स्थिति भाजपा में बनती दिख रही है। नगरीय निकाय चुनाव कार्यक्रम के तहत कल 20 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

### कांग्रेस : घोषित करने के बाद कई वार्डों से उम्मीदवारों की काटी टिकट

दो दिन पूर्व ही अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित वार्ड क्रमांक 22 गुरूनानक वार्ड से जिला महिला कांग्रेस कमेटी की शहर अध्यक्ष रजनी सक्सेना को टिकट दी गई थी लेकिन बताया जा रहा है कि कल नामांकन दाखिली के अंतिम दिन उनकी टिकट काट दी गई। रजनी की टिकट काटने के बाद पैरवी अहमद को दी गई है। पैरवी अहमद इस वार्ड से निवर्तमान पार्षद मौसूफ अहमद की मां हैं। जानकारी के अनुसार गुरुनानक वार्ड महिला आरक्षित है। जिसके कारण यहां से निवर्तमान पार्षद मौसूफ अहमद ने बीडी अग्रवाल वार्ड से खुद के लिए व गुरुनानक वार्ड से अपनी मां पैरवी अहमद को उम्मीदवार बनाने की मांग की थी। कांग्रेस ने शुक्रवार को जारी सूची में मौसूफ अहमद को बीडी अग्रवाल वार्ड से उम्मीदवार तो घोषित कर दिया, लेकिन उनकी मां को टिकट नहीं दी। उनकी बजाय महिला कांग्रेस कमेटी की शहर अध्यक्ष रजनी सक्सेना को यहां से उम्मीदवार घोषित कर दिया। शनिवार दोपहर टिकट में बदलाव करते हुए रजनी सक्सेना की जगह पैरवी अहमद को उम्मीदवार घोषित कर दिया गया, हालांकि रजनी सक्सेना खुद नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में मौजूद रहीं। टिकट में बदलाव को लेकर रजनी सक्सेना ने कहा कि वे जिला महिला कांग्रेस कमेटी की शहर अध्यक्ष हैं। टिकट में बदलाव किए जाने का निर्णय पार्टी का है। मैने वरिष्ठ पदाधिकारियों से बदलाव किए जाने पर जानकारी मांगी है और कारण पूछा है। मुझे अब तक इसका जवाब नहीं मिला है। कुछ इसी तरह की स्थिति राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 36 में बनी है। यहां निवर्तमान पार्षद हिना कौसर के पति इश्तयाक अहमद को जारी सूची में टिकट नहीं देते हुए कांग्रेस ने संजय सिंह गौरा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन ऐन वक्त उनकी टिकट काट दी गई और इश्तियाक को टिकट दे दी गई।

### भाजपा से इन्होंने भरा निर्दलीय पर्चा

कांग्रेस की तरह भाजपा को भी बागी नेताओं की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पार्टी ने बागियों को मनाने का दावा किया है। जानकारी के मुताबिक इंदिरा गांधी वार्ड से निर्दलीय पार्षद चुनकर आईं और भाजपा में शामिल हुई आरती सतीश पटेल की टिकट काट दी गई थी, इसके चलते सतीश पटेल ने निर्दलीय प्रत्याशी बनकर नामांकन दाखिल किया है। इसी तरह जालापा वार्ड से निवृत्तमान पार्षद सुभद्रा सोनी के पति डॉ. रमेश सोनी एवं डॉ जाकिर हुसैन वार्ड के निवर्तमान पार्षद केशराम विश्वकर्मा ने टिकट न मिलने पर विरोध दर्ज कराया था। केशराम विश्वकर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पत्नी फूलबाई विश्वकर्मा का निर्दलीय पर्चा दाखिल किया है।



**कांग्रेस प्रत्याशी**

चल अचल संपत्ति :
1 करोड़ 66 लाख
4 हजार 24 रुपए।



**भाजपा प्रत्याशी**

चल अचल संपत्ति :
1 करोड़ 54 लाख
44 हजार 743 रुपए।

# भाजपा और कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार करोड़पति

### नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र में दी चल-अचल संपत्ति की जानकारी

**कटनी।** नगर निगम महापौर पद की भाजपा उम्मीदवार श्रीमती ज्योति दीक्षित एवं कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल करोड़पति हैं। ज्योति विनय दीक्षित के पास दोपहिया वाहन और दो हाइवा हैं तो वहीं कांग्रेस उम्मीदवार श्रेहा खंडेलवाल के पास उनके नाम पर एक भी वाहन नहीं है। दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन के साथ शपथ पत्र में चल-अचल संपत्ति की जानकारी प्रस्तुत की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा उम्मीदवार ज्योति विनय दीक्षित के पास लगभग 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, 2 लाख 12 हजार 330 रुपए नकद, लगभग 1 लाख 2 हजार और 99 हजार रुपए बैंक में जमा हैं। उनके नाम एक टू व्हीलर और दो हाइवा वाहन भी दर्ज हैं। कुल मिलाकर भाजपा प्रत्याशी के पास करीब 1 करोड़ 54 लाख 44 हजार 743 रुपए की चल-अचल संपत्ति है। इनके पति विनय दीक्षित के पास कुल 1 करोड़ 32 लाख 61 हजार 763 रुपए की संपत्ति है। इसी तरह कांग्रेस उम्मीदवार श्रेहा खंडेलवाल के पास 12 लाख रुपए 37 हजार रुपए के सोने-चांदी के आभूषण हैं। उनकी चल संपत्ति 38 लाख 4 हजार 21 रुपए की है। उन पर स्वर्जित संपत्ति भी है, जिसकी कीमत 1 करोड़ 28 लाख रुपए है। इनकी कुल चल-अचल संपत्ति 1 करोड़ 66 लाख 4 हजार 24 रुपए है। इनके पति रौनक खंडेलवाल एक करोड़ 23 लाख 53 हजार 806 रुपए की चल.अचल संपत्ति के मालिक है।



### प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**कटनी।** पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग मप्र द्वारा जिले के लिये राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शैलेन्द्र खरे को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री खरे ने शनिवार को बरही पहुंचकर रिटर्निंग ऑफिसर बरही से निर्वाचन के संबंध मे की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की जाकर सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री खरे ने नगर निगम क्षेत्र के कृषि उपज मंडी में नगरीय निकाय के स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं प्राप्त केन्द्रों निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक श्री खरे द्वारा नगर निगम के जनपदों हेतु सामग्री वितरण केन्द्र का भी जायजा लिया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। शाककीय माध्यमिक शाला चाका एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण के दौरान एसडीएम कटनी प्रिया चंद्रावत, सीईओ जनपद राजेश नरेन्द्र सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर पद के लिए 14 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**कटनी।** नगर निगम महापौर पद के लिए 14 उम्मीदवारों ने अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं। एक दर्जन से ज्यादा उम्मीदवारों के नामांकन भरने के बाद महापौरी पद की जंग काफी रोचक होती जा रीहहै7 हालांकि अभी कल 20 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 22 जून को नाम वापसी का दिन निर्धारित है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद प्रीति सूरी ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया है। अब नाम वापसी के दिन ही महापौर चुनाव की तस्वीर साफ हो पाएगी। गौरतलब है कि भाजपा ने जहां अंबेडकर वार्ड से दो पार्षद रह चुकीं श्रीमती ज्योति दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने युवक कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल को प्रत्याशी घोषित किया है। दोनों ही दलों के बीच वैसे तो सीधा मुकाबला है लेकिन निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में प्रीतू सूरी द्वारा नामांकन दाखिल करने के बाद मुकाबला रोचक हो गया है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी से डॉ अनीता रंजन, बहुजन समाज पार्टी की ओर से अंजली एवं आम आदमी पार्टी की ओर से शशी प्रभा तिवारी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही हैं। कटनी नगर निगम में दूसरे चरण के लिए 13 जुलाई को वोटिंग होगी।

### महापौर पद के लिए जमा किए गए नामांकन

| क्रं. | नाम | दल |
|---|---|---|
| 01. | डॉ. अनीता रंजन | समाजवादी पार्टी |
| 02. | श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल | कांग्रेस |
| 03. | श्रीमती मंजूषा गौतम | निर्दलीय |
| 04. | निधि पुरोहित | निर्दलीय |
| 05. | श्रीमती प्रीति सूरी | निर्दलीय |
| 06. | शशी प्रभा तिवारी | आम आदमी पार्टी |
| 07. | अंजली | बहुजन समाज पार्टी |
| 08. | डॉ. ऊषा पांडेय | निर्दलीय |
| 09. | श्रीमती ज्योति दीक्षित | भारतीय जनता पार्टी |
| 10. | अंकिता | निर्दलीय |
| 11. | साजदा बी | निर्दलीय |
| 12. | नसीम खान | निर्दलीय |
| 13. | सूफिया खान | निर्दलीय |
| 14. | शमीमा बेगम | निर्दलीय |

### पहले चरण के लिए 24 जून को होगा मतदान सामग्री का वितरण

कटनी। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए रिटर्निंग ऑफीसर ढीमरखेड़ा द्वारा 24 जून को प्रात: 6 बजे से सामग्री वितरण एवं 25 जून को शाम 6 बज से सामग्री वापसी हेतु शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेडा पौडी कला में अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु 23 नेडल अधिकारी, 92 सहयोगी अधिकारी कर्मचारी सहित 6 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गए है तथा रिजर्व दल के रूप में 2 नोडल अधिकारी सहित 8 सहयोगी अधिकारी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

### 26 जून तक आम नागरिकों से करेंगे मुलाकात चुनाव प्रेक्षक

कटनी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कटनी जिले के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक शैलेंद्र खरे 26 जून तक कटनी में रहेंगे। श्री खरे राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। प्रेक्षक श्री खरे सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 5 में ठहरे हैं। कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत श्री खरे के मोबाइल नंबर 9340110606 पर दे सकता है। प्रेक्षक श्री खरे से 26 जून तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक जनसामान्य भेंट कर चुनाव से संबंधित शिकायत और समस्याओं की जानकारी दे सकता है।



# अवैध शराब के कई ठिकानों पर आबकारी की दबिश

**कटनी।** स्थानीय निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल के निर्देशन में निरंतर कार्यवाहियां की जा रही है। अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन एवं विक्रय निर्माण रोकथान के लिए आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ में आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दबिश में ग्राम दारोड़ी, शांतिनगर, घुनौर में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट एवं परमानन्द कोरचे के नेतृत्व में कुल जप्ती 3495 किलो ग्राम महुआ लाहन, 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34-1 क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 1 लाख 80 हजार 750 रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, महेन्द्र कुमार शुक्ला, केशव प्रसाद उइके, के के पटेल, एस डी सिंह, सुश्री मोना दुबे एवं पुलिस उपनिरीक्षक विनोद सिह, आबकारी आरक्षक चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, राजेश गौटिया, श्रीराम सिंह उपस्थित रहे है।

### 3495 किलो महुआ लाहन के साथ ही 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त करने में मिली सफलता

# ड्रोन से मक्के की फसल में तरल नैनो यूरिया का छिड़काव





**कटनी।** जिले के तेवरी, भेड़ा, लिगरी और बिछिया गांव के करीब 133 एकड़ क्षेत्र में लगी मक्के की फसल में कृषि वैज्ञानिकों की देखरेख में तरल नैनो यूरिया के छिड़काव का नवाचार किया गया। आत्मा परियोजना एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेन्ट एजेन्सी, इफको जिला ई गवर्नेन्स सोसाईटी और मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के संयुक्त प्रयास से किसानों को कृषि कार्य में ड्रोन सहित उन्नत तकनीक के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह अभिनव पहल करने वाला कटनी देश का पहला जिला है। आत्मा परियोजना, इफको, ई-गवर्नेन्स सोसाईटी व एमपीएसईडीसी द्वारा संयुक्त रुप से किया गया यह प्रयास देश में एक अभिनव पहल है। जो आगे चलकर कृषकों को खेती में उन्नत तकनीक का उपयोग कर इस क्षेत्र में कम लागत और बेहतर उत्पादन करने में सहायक साबित होगी। बताया जाता है कि केवल मप्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में ड्रोन से तरल नैनो यूरिया के छिड़काव का मैदानी स्तर पर अभिनव कार्य करने के मामले में कटनी जिला देश में अव्वल स्थान पर है।

### खेती में नई तकनीक के प्रति किसानों ने दिखाई दिलचस्पी, नैनो यूरिया का ड्रोन से छिड़काव करने वाला पहला जिला

### कटनी सबसे आगे

राज्य शासन ने प्रदेश के सभी जिलों से ड्रोन में नवाचार प्रयोगों का प्रस्ताव और कार्य करने के का निर्देश दिया था। कलेक्टर ने इस पर त्वरित रुप से अमल करते हुये ड्रोन तकनीक के माध्यम से फसलों में कीटनाशक एवं उर्वरक के छिड़काव का प्रस्ताव दिया था। इस प्रकार पूरे प्रदेश में त्वरित पहल करने के मामले में कटनी प्रदेश का पहला जिला बन गया है। कृषि में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से खेती के तौर-तरीके में क्रांतिकारी बदलाव हो रहा है। कृषि में उन्नत तकनीक के उपयोग के मामले में जिला देश के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। ड्रोन तकनीकी का सुशासन एवं शासकीय सेवाओं में उपयोग सुनिश्चित करने एवं नागरिकों को त्वरित एवं लाभकारी सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा गठित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की अनुशंसा अनुसार मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन भोपाल द्वारा ड्रोन के क्षेत्र में नवाचार हेतु प्रत्येक जिले को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके तारतम्य में जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से किसानों की फसलों में कीटनाशक एवं उर्वरक के छिड़काव हेतु प्रस्ताव भेजा गया एवं अनुमति प्राप्त होने उपरांत जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस कार्य को प्रारंभ कराया गया। तेवरी गांव पहुंचकर कलेक्टर ने स्वयं ड्रोन से तरल नैनो यूरिया के छिड़काव कार्य का जायजा लिया, साथ ही कृषकों से चर्चा कर इस संबंध में जानकारी भी दी।

### एक एकड़ फसल के रकबे में छिड़काव

छिड़काव के लिये हेक्साकोप्टर ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, जिसकी भारवाहक क्षमता 12 लीटर की है। यह एक एकड़ की फसल के रकबे में महज 10 मिनट में रसायन के स्प्रे का कार्य पूर्ण कर सकता है। ड्रोन 250 पार्टिकल पर इंच छिड़काव की क्षमता रखता है, जो परम्परागत छिड़काव पद्धति से कई गुना अधिक है, इससे नैनो यूरिया की खपत भी कम होगी, साथ ही पौधे की पत्तियों द्वारा यूरिया का पूर्ण अवशोषण भी होगा। ड्रोन में ऑटो पायलट मोड़ भी उपलब्ध है, जिससे खेत के क्षेत्रफल को मैप में पूर्व से दर्ज कर छिड़काव किया जा सकता है। अमृत पुष्पक परियोजना के तहत ड्रोन से छिड़की जा रही तरल नैनो यूरिया की खासियत भी किसानों को बताई गई। बताया जाता है कि कृषि तरल नैनो यूरिया की कीमत, परंपरागत यूरिया से कम है और इसका लाभ सीधे पौधों को मिलता है। तरल नैनो यूरिया, पारंपरिक यूरिया का एक सशक्त विकल्प बनकर उभरा है। बजाता जाता है कि तरल नैनो यूरिया का इस्तेमाल करने से किसानों को आर्थिक बचत होगी। उत्पादकता बढ़ेगी और देश की यूरिया आयात पर निर्भरता घटेगी। तरल यूरिया देश में ही निर्मित हो रही है। तरल यूरिया का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है।

**प्लॉट बिकाऊ हैं**

यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 17th June 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200




Paytm
book my show
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया में आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**कटनी।** स्थानीय निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता का पालन कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय निर्वाचन संबंधी शिकायत एवं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत मिलने पर प्रति दिवस नोडल अधिकारी शिकायत मॉनिटरिंग के कक्ष क्रमांक 37 में जानकारी उपलब्ध करानी होगी, ताकि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो सके।

### पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों के रंग निर्धारित

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों का रंग निर्धारित किया गया है। पंच पद के लिए सफेद, सरपंच पद के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा। गौरतलब है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 मतपत्र और मतपेटी द्वारा संपन्न होगा। कटनी जिले में पंचायत निर्वाचन का मतदान तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण का मतदान शनिवार 25 जून को विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा विकासखण्डों में होगा। इसी प्रकार विकासखण्ड बड़वारा और कटनी में द्वितीय चरण का मतदान शुक्रवार एक जुलाई को होना तय है। जबकि विकासखण्ड बहोरीबंद और विकासखंड रीठी में पंचायत निर्वाचन का मतदान शुक्रवार 8 जुलाई को होगा। तीनों चरणों का मतदान तय तिथि को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

### प्रशिक्षण कार्य के लिए 7 कर्मचारियों को ड्यूटी के आदेश जारी

**कटनी।** सचिव मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के आदेशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन एवं दिनांक 27 मई के अनुसार त्रि.स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 में कार्यालय नोडल अधिकारी प्रशिक्षण में कार्य करनें हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कटनी द्वारा 7 कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी किये गए है। जारी आदेश मे कर्मचारियों को कर्मचारियों को तत्काल अपनी उपस्थिति कक्ष क्रमांक- 102 कार्यालय राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियानए कार्यालय नोडल अधिकारी प्रशिक्षण में देनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### बडवारा में मतदान सामग्री वितरण हेतु दल गठित

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रि.स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर जनपद पंचायत बडवारा द्वारा टेबिल वाय मतदान सामग्री वितरण के लिए श्री सुरेन्द्र कुमार तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बडवारा को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए सहयोगी कर्मचारी के रूप में 12 कर्मचारियों को संलग्न किया गया है।

### बसों में मतदान केन्द्रों का नाम चस्पा करने अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर जनपद पंचायत बडवारा द्वारा रूट चार्ट अनुसार बसों में मतदान केन्द्रों के नाम चस्पा किये जाने हेतु आरण्आईण् श्री आश नारायण सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर 7 सहयोगी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी थाना बड़वारा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### शिशु की उचित देखभाल अभियान में नाम साझा कर जीतें पुरस्कार

**कटनी।** सभी महिलाओं को गर्भावस्थाए प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एमपी माय गर्व ने सभी नागरिकों से आहवान किया है कि वे अपना योगदान देने के लिए इस अभियान का एक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण नाम सुझाएँ। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी उचण्उलहवअण्पद पर लॉग इन कर अपनी प्रविष्टि जमा कर सकते हैं। इसकी लिंक है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2022 है। इसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजारए द्वितीय पुरस्कार 5 हजार और तृतीय पुरस्कार की राशि 3 हजार रूपये है।

# पहले दिन 30 प्रतिशत बच्चे पहुंचे स्कूल

## स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत




**कटनी। करीब डेढ़ महीने के अवकाश के बाद गत 17 जून से स्कूल खुल गए हालांकि स्कूलों में कल पहले दिन बच्चों की उपस्थिति कम रही। राज्य सरकार के निर्देश पर स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।**

बच्चों को मिष्ठान का वितरण भी किया गया। विदित हो कि पिछले दो सालों से कोविड संक्रमण के कारण स्कूलों का ठीक ढंग से संचालन नहीं हो पा रहा था। न तो प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम हुआ था और न ही स्कूल चलें हम अभियान के तहत कोई गतिविधि हो पाई थी। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर हुआ लेकिन अब इस सत्र में बेहतर पढ़ाई होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के अंतर्गत प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे। 17 जून से स्कूल खुलने के बाद स्कूलों में एक बार फिर रौनक देखने को मिली। सरकारी स्कूल तो कल से खुल गए लेकिन अधिकांश निजी स्कूल 20 जून से खुलेंगे। सरकारी स्कूलों में प्राइमरी से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल तक के बच्चों का स्वागत कर प्रवेश दिलाया गया और उसके बाद पुस्तकें भेंट की गई। कार्यक्रम में पालकों के साथ शिक्षक, अधिकारी भी पहुंचे और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। डीपीसी के के डेहरिया ने कहा कि स्कूल का पहला दिन होने के कारण कम बच्चे पहुंचे हैं। लगातार उपस्थिति बढ़ाने के लिए पहल की जाएगी।

### बच्चों की उपस्थिति पर फोकस

कक्षा पहली से लेकर आठवी तक 1 लाख 31 हजार 188 बच्चों को प्रवेश कराने का लक्ष्य है। पहले दिन शनिवार को कक्षा एक से 5 तक 78 हजार 303 में विद्यार्थियों में से 21 हजार 790 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। पहले दिन 27ण83 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रही। मिडिल स्कूल में 52 हजार 885 बच्चों में से 16 हजार 191 बच्चे पहुंचे। उपस्थिति का आंकड़ा 30.62 प्रतिशत रहा। कक्षा 1 से 8 तक 37 हजार 981 बच्चे स्कूल पहुंचे।

### मॉडल स्कूल में हुआ कार्यक्रम

झिंझरी स्थित मॉडल स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम में एसपीसी विनय दुबे, एपीसी संध्या तिवारी शामिल हुईं। इस दौरान बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने, अपने दोस्तों को भी स्कूल साथ में लाने, बेहतर ढंग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्राचार्य नीरज दुबे मौजूद रहे, जिन्होंने स्कूल में प्रवेश, व्यवस्था संबंधी जानकारी दी।

# मतदाताओं की पहचान स्थापित करने दस्तावेज निर्धारित

## त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी की दस्तावेजों की सूची

**कटनी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि वोटर स्लिपए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिया गया मतदाता पहचान.पत्रए आधार कार्डए भू.अधिकार एवं ऋण पुस्तिकाए राशन कार्ड ;सभी सफेदए नीलाए पीला एवं गुलाबीद्धए बैंक, किसान, डाकघर पासबुक, शस्त्र लाइसेंस, सम्पत्ति दस्तावेज़ जैसे पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि, विकलांगता प्रमाण-पत्र, निराश्रित प्रमाण-पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान-पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आयकर पहचान-पत्र पीएनएन कार्ड, राज्य, केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी आद्यौगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले सेवा पहचान-पत्र, छात्र पहचान-पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी अजा, अजजा अन्य पिछड़ा वर्ग, अधिवासी प्रमाण-पत्र, पेंशन दस्तावेज़ जैसे-भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन अदायगी आदेश, भूतपूर्व सैनिक, विधवा, आश्रित प्रमाण-पत्र, रेलवे पहचान-पत्र, स्वतंत्रता सेनानी पहचान-पत्र और रोजगार गांरटी योजना में जारी फोटोयुक्त जॉबकार्ड। इस सूची में दर्शाए गए अभिलेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा, जिससे वह मतदाता की पहचान के संबंध में संतुष्ट हो सके। यह स्पष्ट किया गया है कि ऊपर दर्शाए गए कोई दस्तावेज, जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध होता हैए उससे परिवार के अन्य सदस्यों की पहचान के लिए अनुमति दी जायेगी। इसी प्रकार से परिवार के किसी दूसरे सदस्य के नाम से कोई दस्तावेज अन्य सदस्यों की पहचान के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है, बशर्ते ऐसे दस्तावेज़ के आधार पर दूसरे सदस्यों की पहचान की जा सकती हो। यदि कोई मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, ग्राम पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका इत्यादि कर्मियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित कराने के बादए उसे मतदान की सुविधा दे सकेगा।




# ईवीएम के रेंडमाईजेशन परिवहन एवं कमीशनिंग संबंधी पुलिस बल उपलब्ध कराने निर्देश

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 हेतु ईवीएम के एस.डी.पी.सी (सीलिंग, डिस्ट्रीव्यूशन, पोलिंग एंड काउन्टिंग) हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। साथ ही इस प्रक्रिया से संबंधित कार्यक्रम के लिए निर्वाचन प्रेक्षक को अवगत कराने के निर्देश भी दिये गए है। जारी निर्देशों के परिपालन मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा नोडल अधिकारी, प्रेक्षक महोदय समन्वय नगरीय निकाय निर्वाचन को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

ईवीएम के एस.डी.पी.सी कार्य के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार रिटर्निंग ऑफीसर्स को ई.वी.एम वितरण एवं निकाय मुख्यालय तक ई.वी.एम परिवहन कार्य 27 जून को प्रातः 10:30 बजे से नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ, बरही एवं नगर निगम कटनी के लिए ईवीएम वेयर हाउस, कृषि उपज मण्डी पहरूआ कटनी में किया जायेगा। इसी प्रकार नगर परिषद कैमोर एवं विजयराघवगढ हेतु ईवीएम कमीशनिंग का कार्य 1 एवं 2 जुलाई को नगर परिषद बरही हेतु 5 से 7 जुलाई तथा नगर निगम कटनी हेतु 5 से 9 जुलाई तक नगरीय निकाय मुख्यालय मतदान सामग्री वितरण स्थल में प्रातः 10 बजे से किया जावेगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन जिला कटनी ने उक्त अनुसार कार्यवाही हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में सशस्त्र पुलिस बल तथा स्थान निर्धारित तिथियों पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये है।

# नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु ईवीएम का आधिपत्य ग्रहण कराने निर्देश जारी

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशनुसार आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 हेतु एस.डी.पी.सी (सीलिंग, डिस्ट्रीव्यूशन, पोलिंग एंड काउन्टिंग) हेतु कार्यक्रम जारी किया जाकर जिले के नगरीय निकाय मुख्यालय हेतु ईवीएम परिवहन एवं कमीशनिंग संबंधी कार्यवाही संपन्न की जानी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा कैलेण्डर जारी करते हुए नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ बरही एवं नगर निगम कटनी नगरीय निकाय हेतु डी.ई.ओ प्रथम रेण्डमाईजेशन संबंधी कार्यवाही 22 जून को संध्या 4:30 बजे कलेक्टर सभाकक्ष कटनी में करने के निर्देश प्रदान किये है। नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ, बरही एवं नगर निगम कटनी हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर्स को ईवीएम वितरण एवं निकाय मुख्यालय तक ईवीएम परिवहन हेतु 27 जून को प्रातः 10:30 बजे से ईवीएम वेयर हाउस कृषि उपज मंडी पहरूआ कटनी में की जायेगी। इसी तरह से 26 जून को आर.ओ. द्वितीय रेण्डमाईजेशन नगर परिषद कैमार एवं विजयराघवगढ तथा 28 जून को बरही एवं नगर निगम कटनी हेतु कलेक्टर सभाकक्ष कटनी में संध्या 4:30 बजे से की जायेगी।

ईवीएम कमीशनिंग की कार्यवाही नगर परिषद कैमार एवं विजयराघवगढ में 1 जुलाई तथा 2 जुलाई, नगर परिषद बरही में 5 जुलाई से 7 जुलाई तथा नगर निगम कटनी हेतु 5 जुलाई से 9 जुलाई तक नगरीय निकाय मुख्यालय मतदान सामग्री वितरण स्थल पर प्रातः 10:00 बजे से की जावेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग आफीसर कैमोर, विजयराघवगढ, बरही एवं कटनी को 27 जून को प्रातः 10:30 बजे स्थानीय निर्वाचन ईवीएम वेयर हाउस, कृषि उपज मंडी कटनी में उपस्थित होकर निर्वाचन हेतु ईवीएम का आधिपत्य प्राप्त करनें के निर्देश जारी किये है।

# महापौर और पार्षद पद के अभ्यर्थियों को करना होगा लेखा संधारण

### त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायआम निर्वाचन-2022

**कटनी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि महापौर और पार्षद पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्दिष्ट होने के दिनांक से मतगणना दिवस तक के खर्च का व्यय लेखा संधारण किया जाना है। इस संबंध में मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है। निर्वाचन व्यय लेखा के संधारण के लिए विनिर्दिष्ट निर्वाचन व्यय पंजियाँ अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन.पत्र के साथ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश हैं। निर्वाचन व्यय लेखा पंजी यदि किसी जिले में उपलब्ध नहीं हैए तो आयोग से मांग.पत्र भेज कर प्राप्त की जा सकती हैं। निर्वाचन व्यय लेखा के लिए बैंक खाता पृथक से संधारित किया जाए। इस प्रक्रिया में यदि कोई कठिनाई हो रही हैए तो आयोग को जिला निर्वाचन अधिकारी स्पष्ट प्रस्ताव भेजें। आयोग द्वारा जिले से प्राप्त प्रस्ताव के परीक्षण के बाद मार्गदर्शन दिया जाएगा। निर्वाचन व्यय लेखा संधारण के साथ ही छाया प्रेक्षण पंजी का संधारण भी किया जाना है।

# अपराधियों एवं बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला जारी

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रि.स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले मे आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों, गुण्डे और बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम प्रिया चंद्रावत ने गुरूवार को बडवारा के दूरस्थ ग्राम भजिया पहुंचकर प्रत्याशियों व ग्रामीणों को समझाइश दी और पुलिस टीम द्वारा मौके पर 13 लोगों पर धारा 107, 116 के तहत बॉन्ड ओव्हर की कार्यवाही की गई। इस दौरान एसण्डीएम प्रिया चंद्रावत सहित डीएसण्पी एवं तहसीलदार द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शांतिपूर्ण मतदान को दृष्टिगत रखते हुए विजयराघवगढ अनुविभाग अन्तर्गत राजस्व और पुलिस की टीम द्वारा अब तक धारा 107, 116 के तहत 26 और धारा 110 के तहत 28 प्रकरण तथा रीठी के ग्राम देवरी खुर्द तथा निवार चौकी अंतर्गत मे भी 107, 116 की बॉण्ड ओवर की कार्यवाही की जा रही है एवं प्रत्याशियों को शोतिपूर्ण चुनाव हेतु समझाया जा रहा है।

**सूचना**

**आम जनता को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स श्री राम स्टोन क्रशर सेक्टर 7, दद्दाधाम झिंझरी, कटनी म.प्र. के भागीदार श्री मनोज शर्मा वल्द श्री शिवचरन शर्मा व्यक्तिगत व स्वास्थ्य कारणों से समस्त लेनदेन कर भागीदारी फर्म से निवृत्त हो गये है एवं भागीदारी फर्म दिनांक 07/06/2022 में समाप्त हो गई है। अब फर्म के द्वितीय भागीदार श्री नीरज दीक्षित बल्द श्री श्याम मुरारी दीक्षित फर्म के प्रोपाइटर है।**

### कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला-कटनी (म.प्र)

**E-Mail- cmobarhi@mpurban.gov.in**

**क्रमांक/325/न.प./2022 बरही, दिनांक 15.06.2022**

**//अधिसूचना//**

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12.08.2021 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक जीसीआर 571 (ई) के परिपेक्ष्य में नगर परिषद बरही क्षेत्र के आम नागरिकों, व्यापारियों, ई-कामर्स कंपनियों, उद्योग व व्यापार हेतु पंजीयन/लाइसेंस जारी करने वाली संस्थाओं एवं कस्टम आधारित जिला सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादकों स्टॉकिस्टों वितरणकर्ताओं आदि को जानकारी हेतु यह सूचना दी जाती है कि प्रदेश में उपरोक्त वर्णित अधिसूचना के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना उक्त सभी की जिम्मेदारी है। अधिसूचना में किए गए प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में 01 जुलाई 2022 से निम्नलिखित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण, आयात भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग प्रतिबंधित किया गया है-:

1. प्लास्टिक स्टिक सहित ईयरबड्स
2. गुब्बारों के लिए उपयोग होने वाले प्लास्टिक डंडिया
3. प्लास्टिक के झंडे
4. कैड़ी स्टिक
5. आईस्क्रीम की डंडियां
6. पोलीस्टाइरिन (थर्मोकोल) की सजावट सामग्री
7. प्लास्टिक प्लेटें, कप, गिलास, कंचे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी
8. मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट
9. 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक पीवीसी बैनर
10. प्लास्टिक स्टीकर।

सर्वसंबंधितों को यह अवगत किया जाता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर लागू किए गए प्रतिबंध को प्रभावशील बनाने हेतु हर संभव कार्यवाही की जाये सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माता यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा निर्मित सिंगल यूज प्लास्टिक आईटम का भंडारण, वितरण, विक्रय उपयोग 30 जून 2022 के पश्चात नही हों। व्यापारी व ई-कामर्स कंपनी प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का व्यापार नहीं करें, नगरीय निकाय व उद्योग एवं व्यापार हेतु पंजीयन लाइसेंस अभिस्वीकृति जारी करने वाले अन्य संस्थाएं उपरोक्त प्रावधानों के अनुरूप पंजीयन/लाईसेंस/ अभिस्वीकृति में आवश्यक संशोधन जारी करें, ताकि उपरोक्त प्रावधानों का पालन सुनिश्चित हो सके। उक्त अधिसूचना नगर परिषद बरही संपूर्ण क्षेत्र में प्रभावशील होंगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बरही, जिला-कटनी**

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों का निराकरण करने समिति का गठन

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 कार्यक्रम में दैनिक समाचार पत्रोंए सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से शसकीय कर्मचारियों के निर्वाचन प्रक्रिया में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए प्रचार प्रसार की शिकायतों के तत्काल निराकरण के निर्देश प्रदान किये गए है। रिटर्निंग आफिसर पंचायत निर्वाचन तहसील रीठी द्वारा शिकायतों के तत्काल निराकरण हेतु निर्वाचन कार्य संपादित होने तक खण्ड स्तरीय शिकायत निराकरण समिति का गठन किया जाकर एपीओ मनरेगा जनपद पंचायत रीठी डॉ. अजीत सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर 4 सहयोगी कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये है।

# कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रि.स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर जनपद पंचायत बडवारा द्वारा पंचायत निर्वाचन 2022 हेतु कंट्रोल रूम नोडल अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार तिवारी को नियुक्त किया जाकर नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु 5 कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

# पिडीलाइट कंपनी द्वारा बारडोली महाविद्यालय में 3 दिवसीय आर्ट एवं क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन




**कटनी।** बारडोली महाविद्यालय में पिडीलाइट कंपनी द्वारा 3 दिवसीय कार्यशाला 14 से 16 जून तक आर्ट एवं क्राफ्ट का आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बारडोली महाविद्यालय के संरक्षक सुनील उपाध्याय रहे। कार्यशाला का आयोजन पिडीलाइट कंपनी, जबलपुर के सदस्य कुसुम करेचा एवं अंशु अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी गायत्री मेडम द्वारा छात्रो को आर्ट एवं क्राफ्ट हेतु साम्रगी एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह जी द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ भेट कर किया गया। कार्यशाला में अतिथि ट्रेनरों द्वारा Blue pottery art, Canvas painting Best of waste एवं आर्ट एवं क्राफ्ट नये-नये तरीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बारडोली महाविद्यालय के राकेश गुप्ता, सनिता जैन, संगीता जाटव,. मनोज प्यासी, गायत्री मंद्राह, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, नेहा श्रीवास्तव, मनीषा सिंह चंदेल, डॉ. नैन्सी डायर, पवन दाहिया, शैलेन्द्र बड़गैया, रजनीष उपाध्याय आदि समस्त स्टाफ एवं बी.एड, बी.ए.बी.एड.एवं डी.एल.एड. के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

यश भारत 8

सिटी न्यूज

www.yashbharat.com | कटनी, रविवार 19 जून 2022 | फोन- 230033

# अग्निवीर योजना के विरोध का असर कटनी तक

## कटनी होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की 20 ट्रेनें रद्द, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें



**कटनी।** केन्द्र सरकार के द्वारा तीनों सेनाओं में भर्ती के लिए लागू की गई अग्निवीर योजना के विरोध का असर शहर में भले ही देखने को नहीं मिल रहा है लेकिन देश के दूसरे राज्यों में चल रहे छात्रों के धरना प्रदर्शन और हिंसक आंदोलन का असर रेलवे में जरूर देखने को मिल रहा है। रेलवे ने बिहार, उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र सहित दूसरे राज्यों से चलने वाली व कटनी होकर गुजरने वाली 20 ट्रेनों को अचानक रद्द करने का निर्णय लिया। जिसके कारण इन ट्रेनों में कटनी से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि अग्निवीर योजना के विरोध में दूसरे राज्यों में हो रहे हिंसक प्रदर्शन की वजह से रेलवे ने 17 व 18 जून को कटनी होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की कुछ यात्री ट्रेनों को निरस्त कर दिया। जिसमें गाड़ी संख्या 12296, 12351, 12352, 15232, 12792, 12742, 11062, 12150, 13201, 12142, 15267 सहित कुछ अन्य ट्रेनें शामिल हैं। बताया जाता है कि कुछ ट्रेनों को 17 व 18 जून को रद्द किया गया तो कुछ को 20 जून तक के लिए रद्द कर दिया गया है। रेलवे ने यात्री ट्रेनों की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछताछ नंबर 139 पर संपर्क करके अपनी आगे की यात्रा करने की अपील की है।

### स्टेशन, प्लेटफार्म यार्ड में जीआरपी व आरपीएफ का फ्लैग मार्च



उधर देश भर में चल रहे हिंसक आंदोलन की वजह से पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशनों में जीआरपी व आरपीएफ को अलर्ट कर दिया है। रेल यात्रियों की यात्रा सुरक्षित हो और स्टेशन परिसर में किसी भी तरह की अनहोनी को टालने, उपद्रवियों से निपटने के संबंध में सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 18 जून को कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल की टीम ने जीआरपी के निरीक्षकों एवं जवानों साथ फ्लैग मार्च किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आंदोलनकारियों को साफ और स्पष्ट संदेश देने के लिए इस तरह के फ्लैग मार्च विशेष परिस्थितियों में सशस्त्र बलों द्वारा और रेल सुरक्षा बलों द्वारा किए जाते हैं। इन फ्लैग मार्चों से रेल प्रशासन ने रेलवे संपत्ति या अन्य जानमाल को हानि पहुंचाने वाले उपद्रवियों को स्पष्ट संकेत देने का प्रयास किया कि राष्ट्रीय संपत्ति को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाने वालों से निपटने के लिए रेल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। रेल यात्री रेल परिसर में पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी सुरक्षा के लिए रेल प्रशासन की टीम जीआरपी के जवान रात दिन ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। फ्लैग मार्च की कार्यवाही में दल के सदस्यों ने हाथों में डंडे, आर्म्स, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर सहित पूरी तैयारी के साथ सभी प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पैदल पुल पर फ्लैग मार्च किया। इसके अलावा रेलगाड़ियों के डिब्बों और रेलवे यार्ड में भी जाकर जांच परख करते हुए मानिटरिंग की गई।



# एसी कोच के शौचालय में बंद हुआ नशेड़ी युवक

### कामायनी एक्सप्रेस की घटना

**कटनी।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बनारस के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली कामायनी एक्सप्रेस के बी-1 कोच के शौचालय में एक यात्री अपने आप को बंद कर लिया था। यात्रियों के काफी अवाज लगाने के बाद भी बाहर नहीं आ रहा था। इस पर यात्रियों ने टीसी को जानकारी दी। बाद में टीटी ने इस बात की सूचना स्टेशन प्रबंधक को दी। जिसके बाद स्टॉफको ट्रेन में बैठाकर रवाना किया गया। स्टाफ ने मशक्कत के बाद प्रसाधन के अंदर बंद नशेड़ी युवक को बाहर निकाला और उसे कटनी स्टेशन में उतारा। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 11071 कामायनी एक्सप्रेस शनिवार सुबह 11:35 बजे मुड़वारा स्टेशन पहुंची। ट्रेन 11:45 में रवाना होने वाली थी तभी स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे को टीटी ने जानकारी दी कि बी-1 कोच के प्रसाधन में एक यात्री अंदर घुसा है और बाहर नहीं निकल रहा है। पांच मिनट तक ट्रेन खड़ी रही और 11:50 बजे रवाना हुई। इस दौरान रेलवे के कर्मचारी व आरपीएफ स्टॉफ चढ़ा और फिर कटनी स्टेशन में यात्री को उतारा गया। यात्री से पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि यात्री नशे की हालत में था।

### तीन दिनों तक बारिश की संभावना

# तापमान में गिरावट से मिली गर्मी से राहत

**कटनी।**

जिलेवासियों के लिए शनिवार का दिन राहत भरा संदेश देना वाला रहा। मानूसन के दस्तक की पहली बारिश हुई। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, ठंडी हवा के झोंके चले और रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। शाम को कुछ समय के लिए जमकर बदरा बरसे। अगले तीन दिनों तक जिले में बारिश होते रहने की संभावना है। मानसून की दस्तक से तापमान में गिरावट के साथ लोगों को गर्मी से राहत मिली। शनिवार को अतिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 23.9 तापमान डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की गतिविधि प्रारंभ हो गई है। मानसून की लाइन मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ होते हुए गुजर रही है। इसकी वजह से बारिश पूर्वी मध्यप्रदेश के साथ-साथ कटनी जिले में होने की संभावना बनी है। एक द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से लेकर अरब सागर तक बनी है। टफ लाइन पोरबंदर, भावनगर, खंडवा, गोंदिया, दुर्ग, भवानीपटनम, कालिंगापटनम, हलदिया, बांका, मोतिहारी होते हुए गुजर रही है। एक और टफ लाइन पूर्वी मध्यप्रदेश में बनी है। जिससे कटनी जिले में बारिश शुरू हो गई है।

### अच्छी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार इस साल अच्छी बारिश होने की संभावना है। हर वर्ष की तरह इस साल भी मानसून दो दिन देरी से पहुंचा है। भारी बारिश की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बता कि यदि तीन दिन बारिश हुई तो जिलेवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। शहर में पानी की समस्या खत्म होगी व किसानों को बोवनी के लिए खेत तैयार करने में मदद मिलेगी।

### इनका कहना है

कटनी जिले में शनिवार को मानसून की पहली बारिश हुई है। मानसून ने दस्तक दे दी है। तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा। दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से लेकर अरब सागर तक बनी द्रोणिका के कारण बारिश शुरू हो गई है।

**डॉ.संदीप चंद्रवंशी, मौसम वैज्ञानिक**

## अज्ञात कारण से प्रौढ़ की मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्रीनगर में अज्ञात कारण से अधेड़ की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गायत्रीनगर निवासी 50 वर्षीय कुलदीप श्रीवास्तव पिता ब्रजमोहन श्रीवास्तव की अज्ञात कारण से मौत हो गई है। सउनि जेपी तिवारी ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## विषपान से दो की मौत

**कटनी।** जहर पीने से दो लोगों की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिठवारा में 14 वर्षीय अनुराधा पिता राजेश दाहिया की जहर पीने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार कुठला थाना अंतर्गत नदीपार क्षेत्र निवासी 80 वर्षीय शम्भू लाल साहू पिता भगवानदास की जहरीले पदार्थ के से से मौत हो गई है। पुलिस ने शपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

### दो दिवसीय दौरे पर कटनी पहुंचे यंत्र इंडिया के सीएमडी ने किया जनसंवाद

# रक्षा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ाया व्यवसाय





कटनी। यंत्र इंडिया लिमिटेड (वायआईएल) ने एक व्यवसायिक रक्षा प्रतिष्ठान के तौर पर बहुत ही कम समय में न केवल वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के बीच निर्यात के आर्डर हासिल किए हैं बल्कि गैर रक्षा उत्पादों के निर्माण के क्षेत्र में भी मजबूती से कदम आगे बढ़ाएं हैं। आयुध निर्माणी कटनी ने बदली हुई परिस्थिति को अपनाया है और वर्तमान इन्फ्रास्ट्रकचर में निर्माणी 400 करोड़ के रक्षा उत्पादन की कार्य क्षमता रखती है। यहां के कर्मचारियों को अपने तकनीकी कार्य कौशल में महारत हासिल है। उक्त बात शनिवार को दो दिनी प्रवास पर आयुध निर्माणी कटनी पहुंचे यंत्र इंडिया लिमिटेड, डीपीएसयू, नागपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) राजीव पुरी ने निर्माणी कर्मचारियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही। सीएमडी ने उत्पादन अनुभागों और वर्कशाप का गहनता से निरीक्षण कर वहां की रक्षा उत्पादन, गुणवत्ता और अनुरक्षण गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कपिंग शाप में स्माल आर्म्स के ब्रास कप निर्माण हेतु 4 इम्प्रेशन टूल ब्लाक मशीन को स्थानीय संसाधनों के इस्तेमाल से नए सिरे से तैयार 8 इम्प्रेशन टूल ब्लाक मशीन के आपरेशन को करीब से देखा। इस अभिनव प्रयास से कप की उत्पादन क्षमता दुगुनी होने के साथ ही स्क्रेप जनरेशन भी कम हो गया है। सीएमडी ने जनसंवाद कार्यक्रम के अवसर पर मशीन तैयार करने वाली कर्मचारियों की तकनीकी विशेषज्ञ टीम के उच्च कार्य दक्षता और नवाचार की प्रशंसा करते हुए उन्हें 50 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। निर्माणी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों और अनुभाग प्रमुखों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में सभी लोगों को आवश्यक निर्देश दिए। विजिट के दौरान निर्माणी कर्मचारी प्रतिनिधियों व संगठनों के साथ हुई बैठक में सीएमडी राजीव पुरी ने आश्वस्त किया कि पिछले साल के मुकाबले निर्माणी को काफी काम दिया गया है और आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन कार्य दिए जाने हेतु प्रयासरत हैं। इससे पहले निर्माणी महाप्रबंधक बिस्वजीत प्रधान ने अगवानी करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान निर्माणी के सभी वरिष्ठ अधिकारी और अनुभाग प्रमुख, फेडरेशन, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी, जेसीएम और कार्य समिति के सदस्य तथा स्टाफ और औद्योगिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## बस हाइवा में भिड़ंत, कई यात्री घायल

**कटनी।** जबलपुर-रीवा बायपास मार्ग पर ग्राम बोहता के समीप शनिवार की शाम एक बस और ट्रक में भिड़ंत होने का मामला सामने आया है। दोनों वाहनों के बीच टक्कर होते ही यात्रियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। यह तो गनीमत रही कि हादसा सामान्य रहा। इस हादसे में कुछ यात्रियों को चोट लगी है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जाना बताया जा रहा है। हालांकि देरशाम तक घायल अस्पताल नहीं पहुंचे।

## रोशननगर में युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत परौहा मार्केट रोशन नगर में एक युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोशन नगर स्थित परौहा मार्केट में 38 वर्षीय मनोज कुशवाहा पिता रामनारायण कुशवाहा के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

जायसवाल इंटरप्राईजेस
चुनाव प्रचार सामग्री
झंडा ➔ मफलर ➔ टोपी ➔ बिल्ले टी-शर्ट
➔ पेपर लड़ी ➔ बाईक झंडा ➔ डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा, MGM Hospital के पास, कटनी

कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम
KINETIC GREEN
पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी
सोचो स्मार्ट, खरीदो सफर स्मार्ट
लिथियम- इऑन बैट्री
03 घंटे में पूर्णतः चार्ज
चढ़ाई के लिए जादुई गियर
सवारी एवं ड्राइवर हेतु आरामदायक बैठक
90 कि.मी. प्रतिचार्ज
03 साल की वारंटी के साथ
03 घंटे में पूर्णतः चार्ज
500 किलो लोडिंग कैपेसिटी
अधिकृत विक्रेता
कार्तिक मोटर्स
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177

चुनाव प्रचार सामग्री
फ्लैक्स बैनर
पोस्टर, स्टीकर
पम्फलेट
बैलेट पेपर नमूना
बाईक झण्डा, स्टीकर
विजिटिंग कार्ड
टी-कैप, टोपी
झण्डा, पटका
लड़ी झालर
बिल्ला, वोटरपर्ची
नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं सभी राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारों की चुनाव प्रचार सामग्री तैयार की जाती है।
कृष्णा ट्रेडर्स
सुभाष चौक, कटनी (मध्य प्रदेश)
Mob. 9981670040, 9009670040, 8630484538, 6202109401

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)